सोमवार
16 मार्च, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्तर से पंचम स्तर तक
विशेषताएँ :-
• सी. सी. टी. वी. कैमरा की व्यवस्था
• स्मार्ट क्लास
• सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था
• कंप्युटर क्लास

वर्ष 2, अंक 43 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

## राजगीर में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत भव्य प्रदर्शनी सह व्यापार मेले का शुभारंभ



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के राजगीर स्थित अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत दो दिवसीय प्रदर्शनी सह व्यापार मेले का भव्य शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर किया। मेले का आयोजन एम.एस.एम.ई.-विकास एवं सुविधा कार्यालय, पटना द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और उद्यमियों को मंच प्रदान करना तथा उनके उत्पादों को व्यापक बाजार से जोड़ना है।

मेले में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से जुड़े कारीगरों और उद्यमियों द्वारा लगभग 110 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें विभिन्न पारंपरिक उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में बढ़ई, लोहार, कुम्हार, दर्जी, मोची, सुनार सहित अन्य पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े कारीगरों ने अपने हस्तनिर्मित उत्पादों को प्रदर्शित किया। इससे स्थानीय कारीगरों को अपनी कला और कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर मिला है।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में आयोजित सम्मेलन में 400 से अधिक प्रतिभागियों की उपस्थिति रही। इसमें कारीगर, उद्यमी, विद्यार्थी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उन्हें आधुनिक बाजार से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से कारीगरों को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और विपणन के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

कार्यक्रम में एमएसएमई-डीएफओ, पटना के निदेशक आर.के. चौधरी ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर नालंदा के उप विकास आयुक्त शुभम कुमार, जिला उद्योग केंद्र नालंदा के महाप्रबंधक सचिन कुमार, डीआईसीसीआई बिहार चैप्टर के अध्यक्ष कैप्टन सत्यप्रकाश, आरडीएसडीई के संयुक्त निदेशक आर.सी. मंडल, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री नालंदा के अतिरिक्त महाप्रबंधक मोहन कुमार तथा नालंदा के एलडीएम श्रीकांत सिंह ने भी



अपने विचार व्यक्त किए और कारीगरों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित तकनीकी सत्र में सरकारी ई-मार्केटप्लेस (GeM) के प्रशिक्षक सत्यं कुमार ने कारीगरों और उद्यमियों को ऑनलाइन विपणन के अवसरों की जानकारी दी। वहीं प्रशिक्षक सोनल पटेल ने ब्रांडिंग, पैकेजिंग, बिक्री और विपणन की रणनीतियों पर विस्तृत जानकारी दी, जिससे कारीगर अपने उत्पादों को बेहतर ढंग से बाजार में प्रस्तुत कर सकें और अपनी आय बढ़ा सकें।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने प्रदर्शनी में लगे विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और कारीगरों के उत्पादों की सराहना की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों को बाजार उपलब्ध कराना, स्वरोजगार को बढ़ावा देना तथा एमएसएमई मंत्रालय की योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

प्रदर्शनी सह व्यापार मेले के सफल आयोजन में एमएसएमई-डीएफओ, पटना के अधिकारियों और कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विशेष रूप से तुषार पांडेय, शुभम बरला, हरेंद्र प्रसाद, आशीष आनंद और प्रभात कुमार ने स्टॉल प्रबंधन, प्रतिभागियों के समन्वय और कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने में अहम योगदान दिया।

कार्यक्रम के अंत में एमएसएमई-डीएफओ, पटना के सहायक निदेशक घमंडी लाल मीणा ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से पारंपरिक कारीगरों को नई पहचान और बाजार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

## 200 वर्ष पुराने शिवलिंग स्थल पर 35 फीट ऊंचे भव्य मंदिर निर्माण हेतु हुआ भूमि पूजन



थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी प्रखंड के करियावां गांव स्थित बाबा तारी स्थान में लगभग 200 वर्ष पुराने शिवलिंग के प्रांगण में 35 फीट ऊंचे भव्य शिव मंदिर के निर्माण के लिए विधिवत भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आचार्य सूरज कुमार पांडेय ने पूजा-अर्चना कर भूमि पूजन की प्रक्रिया संपन्न कराई।

भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में जमीन दाता हरिनारायण प्रसाद के पुत्र प्रोफेसर राजमणी प्रसाद ने विधिवत पूजा कर मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु उपस्थित रहे।ग्रामीण संतोष कुमार पाण्डेय ने बताया कि करीब दो सौ वर्ष पहले प्रोफेसर राजमणी प्रसाद के दादा जी रामेश्वरम से शिवलिंग लाकर करियावां गांव के बाबा तारी खंधा में स्थापित किए थे। उस समय उन्होंने अपनी जमीन दान करते हुए इस शिवलिंग की स्थापना कराई थी। तभी से गांव और आसपास के क्षेत्रों के लोग यहां नियमित रूप से पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं।समय के साथ इस धार्मिक स्थल के जीर्णोद्धार और इसकी भव्यता बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने मिलकर यहां 35 फीट ऊंचे भव्य शिव मंदिर के निर्माण का निर्णय लिया। मंदिर निर्माण शुरू होने से श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस स्थान पर आसपास के कई गांवों के लोग पूजा-अर्चना करने आते हैं। भव्य मंदिर बनने के बाद यहां श्रद्धालुओं की संख्या में और वृद्धि होने की उमीद है।कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोफेसर राजमणी प्रसाद, कमला सिपाही, संतोष कुमार पाण्डेय, रंजीत कुमार चौधरी, कन्हैया जी, मनीष कुमार, धर्मेंद्र राम सहित कई ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## दोस्त के साथ घर से निकले युवक का शव आहर के पास मिला, हत्या की आशंका

मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर थाना क्षेत्र के दक्षिणी मलहविगहा स्थित केवई रोड काला आहर के समीप रविवार को एक 25 वर्षीय युवक का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान इस्लामपुर नगर के दक्षिणी मलहविगहा वार्ड संख्या 20 निवासी मो. शमीम उर्फ फेंकू मियां के पुत्र मो. फैजान के रूप में की गई है।

घटना के संबंध में इस्लामपुर थाना अध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि केवई रोड स्थित काला आहर के पास एक युवक का शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।


थाना अध्यक्ष ने बताया कि अभी तक मृतक के परिजनों की ओर से थाना में कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रारंभिक जांच में युवक की हत्या की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

वहीं मृतक की पत्नी मेहरुन निशा ने रोते हुए बताया कि उनके पति मो. फैजान इस्लामपुर बाजार में सब्जी और फल बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। शनिवार की शाम वह घर पर ही थे। उसी दौरान मलहविगहा का रहने वाला उनका एक दोस्त घर आया और उन्हें बुलाकर अपने साथ ले गया।

उन्होंने बताया कि रात में पति के घर वापस नहीं आने पर परिवार के लोगों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला।

रविवार को उन्हें सूचना मिली कि उनके पति का शव काला आहर के पास मिला है।

पत्नी ने पति के दोस्तों पर ही हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN
HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD
COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED
RERA
APPROVED
APPROVED
Project Registration Number
BRERAP192001011025250432E00
from ₹4251 TO
₹4551/*sq.ft
60%
Free Area
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
COMFORT, LUXURY
WELLNESS
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# नवादा ने शेखपुरा को को 124 रन से हराया



विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

बिहारशरीफ (अपना नालंदा) ।रविवार को नालंदा जिला क्रिकेट संघ की मेजबानी मे बिहार क्रिकेट संघ के घरेलू सत्र 2025-26 बीसीए मेंस अंडर 23 वनडे ट्रॉफी मगध जोन की शुरुआत की गयी। नवादा बनाम शेखपुरा के बीच मैच से इसकी शुरुआत पावापुरी खेल मैदान मे किया गया ।

नवादा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 351 रन बनाये जिसमे दीपक ने 104 रन, योगेश ने 100 रन , हर्ष 52 रन, सुभाष ने 21 रन तथा आदर्श ने 16 रन का योगदान दिया। शेखपुरा की ओर से गेंदबाज कन्हैया ने 52 रन पे 2 विकेट, राहुल ने 107 पर 2 और रिकी, गगन तथा सूरज ने एक एक विकेट अपने नाम किया।


जवाब मे खेलते हुए शेखपुरा की पूरी टीम 50 ओवर 227 रन ही बना सकी। शेखपुरा की ओर से बल्लेबाजी करते हुए सुमन सौरभ ने 62 रन सचिन ने 89 रन, आदित्य ने 37 संजीव 40 रन, रोहित ने 13 रन तथा सूरज ने 17 रन का योगदान दिया । नवादा की ओर से गेंदबाज़ आदर्श ने 34 रन देकर 4 विकेट लिए, सुमन ने 25 रन पे 2 विकेट, दीपक ने 18 रन पे 2 विकेट तथा अभिनव एक विकेट अपने नाम किया।


इस मौके पर क्रिकेट एसोसिएशन नालंदा के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ,सचिव गोपाल कुमार सिंह ,पूर्व सचिव सैयद मोहम्मद जावेद इकबाल, कोषाध्यक्ष मनोरंजन कुमार, संयुक्त सचिव संजीव कुमार, शेखपुरा के पूर्व सचिव गंगा यादव, नवादा सचिव मनीष आनंद ,डॉ संजय ,संतोष पांडेय , हैदर अली ,,सिद्धार्थ कुमार बाबा ,विश्वजीत कुमार, अभिषेक कुमार ,इत्यादि मौजूद रहे। अंपायरिंग की भूमिका बी सी ए पैनल अंपायर सुनील सिंह तथा नितेश कुमार ने निभाया।

मैच के मैन ऑफ द मैच नवादा के दीपक कुमार को दिया गया।

कल दिनांक 16-03-2026 को नालंदा बनाम नवादा के बीच मैच खेला जायेगा।










# ईद व रामनवमी को लेकर प्रशासन सख्त, जुलूस में डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। आगामी ईद और रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी को लेकर वेना थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, डीजे संचालक तथा विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा कि दोनों प्रमुख त्योहारों को लेकर प्रशासन विशेष सतर्कता बरत रहा है। उन्होंने बताया कि त्योहार के दौरान निकलने वाले जुलूस, पूजा कार्यक्रम और नमाज के समय सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखा जाएगा, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

थानाध्यक्ष ने विशेष रूप से डीजे संचालकों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिया कि रामनवमी या किसी भी अन्य धार्मिक जुलूस में डीजे की बुकिंग नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय सरकार के निर्देशानुसार लिया गया है, ताकि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे और किसी प्रकार की अशांति की स्थिति उत्पन्न न हो।

उन्होंने डीजे संचालकों को सख्त हिदायत दी कि यदि कोई व्यक्ति सरकारी आदेश की अवहेलना करते हुए जुलूस में डीजे बजाते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस प्रशासन ने बैठक में उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि त्योहार को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाएं तथा प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पूरी तरह पालन करें। प्रशासन ने यह भी भरोसा दिलाया कि पूरे क्षेत्र में पुलिस की निगरानी और गश्ती बढ़ा दी जाएगी, ताकि पर्व सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।

# रहुई में बिजली तार चोरी से विभाग को लाखों का नुकसान



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रहुई प्रखंड क्षेत्र में बिजली के तार चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने कृषि कार्य के लिए लगाए गए ट्रांसफॉर्मरों से हजारों मीटर एलटी एबी केबल काटकर चोरी कर लिया, जिससे बिजली विभाग को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

घटना रहुई प्रखंड के मिल्कीपर गांव के पास की बताई जा रही है। यहां पैक्स गोदाम के समीप कृषि कार्य के लिए लगाए गए दो ट्रांसफॉर्मरों से चोरों ने बिजली का एलटी तार काटकर गायब कर दिया।

कनीय विद्युत अभियंता राजीव कुमार ने बताया कि रविवार को ग्रामीणों ने विभाग को सूचना दी कि मिल्कीपर गांव के पास लगे ट्रांसफॉर्मरों से बिजली के तार गायब हैं। सूचना मिलने के बाद बिजली विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और पूरे इलाके की जांच की।

जांच के दौरान पाया गया कि कुल 28 बिजली खंभों में से 26 खंभों के बीच लगी एलटी एबी केबल को अज्ञात चोर काटकर ले गए हैं। अधिकारियों के अनुसार करीब 2700 मीटर बिजली केबल चोरी हुई है। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि खंभा संख्या 25 से 26 के बीच की केबल पूरी तरह गायब है और कई स्थानों पर तार काटे गए हैं।

इस घटना से बिजली विभाग को लगभग 6 लाख 40 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। मामले को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग ने भागन बीघा ओपी में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है।


भागन बीघा ओपी प्रभारी राज कुमार भारती ने बताया कि आवेदन प्राप्त हो गया है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।












# हिलसा में इंकलाबी नौजवान सभा का तीसरा प्रखंड सम्मेलन, सामाजिक न्याय पर चर्चा





हिलसा (अपना नालंदा)। हिलसा स्थित सिटी उत्सव हॉल में इंकलाबी नौजवान सभा का तीसरा प्रखंड सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में पार्टी के जिला सचिव कामरेड श्रीनिवास शर्मा सहित बड़ी संख्या में नौजवान और महिला कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में इंकलाबी नौजवान सभा के राज्य सचिव व पूर्व विधायक कामरेड शिव प्रकाश राजन, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष धनंजय कुमार तथा संगठन के राज्य कार्यालय सचिव विनय कुमार भी मौजूद रहे। सम्मेलन का उद्घाटन पार्टी जिला सचिव कामरेड श्रीनिवास शर्मा ने किया, जबकि पर्यवेक्षक के रूप में नौजवान संगठन के जिला सचिव शत्रुघन कुमार भी उपस्थित थे।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में देश और राज्य की परिस्थितियों को देखते हुए युवाओं को लोकतांत्रिक अधिकारों और सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए संगठित होना होगा। वक्ताओं ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए प्रभावी रूप से 65 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग उठाई। साथ ही यूजीसी और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर सरकार के दोहरे चरित्र की आलोचना करते हुए युवाओं से संघर्ष के लिए आगे आने का आह्वान किया।

वक्ताओं ने विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में बढ़ रहे जातीय भेदभाव और उत्पीड़न की निंदा करते हुए यूजीसी रेगुलेशन को अविलंब लागू करने की मांग की। साथ ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूजीसी रेगुलेशन पर लगाई गई रोक की भी आलोचना की गई। वक्ताओं ने 18 मार्च 2026 को पटना में होने वाले समता महाजुटान में बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की।

सम्मेलन के दौरान 17 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। इस मौके पर पार्टी प्रखंड सचिव अरुण यादव, नौजवान सभा के जिला अध्यक्ष वीरेश कुमार, दिनेश कुमार यादव, रामदास अकेला, शैलेश यादव, आईलाज के केंद्रीय कमेटी सदस्य अधिवक्ता श्रीकृष्णा प्रसाद तथा कुमार अविनाश सहित कई नेताओं ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन का समापन सामाजिक न्याय और समानता की लड़ाई को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ।






# बिहारशरीफ में बहुजन नायक काशीराम की 92वीं जयंती मनाई गई




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शहर के आनंद मार्ग ब्लॉक चौक पर अतिपिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा तथा फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में बहुजन नायक मान्यवर काशीराम की 92वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए और उनके विचारों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।कार्यक्रम में अतिपिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामदेव चौधरी और डॉ. भीमराव आंबेडकर संघर्ष विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल पासवान ने संयुक्त रूप से कहा कि मान्यवर काशीराम आधुनिक भारतीय राजनीति के दिग्गज नेता, समाज सुधारक और बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक थे। उनका जन्म 15 मार्च 1934 को हुआ था और उन्होंने अपना पूराजीवन दलित, वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान तथा उनकी राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के लिए समर्पित कर दिया।

वक्ताओं ने कहा कि काशीराम ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों को आगे बढ़ाते हुए अंबेडकरवाद को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। दलितों और वंचित समाज को संगठित करने के लिए उन्होंने बामसेफ, डीएस-4 और बाद में बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की। "जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी" का नारा देकर उन्होंने वंचित समाज को सत्ता में भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर रामदेव चौधरी ने अपना जन्मदिन भी फुटपाथ दुकानदारों के बीच केक काटकर मनाया। कार्यक्रम में अनिल पासवान, उमेश पंडित, संदीप कुमार, कमलेश कुमार कमल, सादिक अजहर, महेंद्र प्रसाद, ओमप्रकाश पंडित, असगर भारती, शैलेंद्र कुमार, शिव कुमार पासवान, श्याम सुंदर पंडित, लालती देवी और चंदन कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# 18 मार्च को यूजीसी गाइडलाइंस के पक्ष में समता महाजुटान

## इंडिया फोरम फॉर इक्विटी ने मुकेश सहनी को सौंपा आमंत्रण



हिलसा (अपना नालंदा )।यूजीसी रेगुलेशंस लागू करने की मांग,18 मार्च को पटना में समता महाजुटान में समर्थन देने के अपील के साथ विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी एवं सीपीएम के राज्य सचिव मंडल के सदस्य मनोज चंद्रवंशी को आमंत्रण सौंपा गया। आमंत्रण पत्र सौंपने वाले प्रतिनिधि मंडल में ऑल इंडिया फोरम फॉर इक्विटी के तरफ से।भारतीय अतिपिछड़ा वर्ग संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनजीत आनंद साहू एवं आइसा राज्य सह सचिव कुमार दिव्यम, सामाजिक न्याय आंदोलन से विकाश यादव मौजूद थें। इन्होंने कहा कि तमाम विपक्षी पार्टियों एवं संगठनों को आमंत्रण पत्र सौंप कर रैली में शामिल होने की अपील की गई है। 18 मार्च संपूर्ण क्रांति दिवस का दिन है। यह ऐतिहासिक दिवस है और एक बार फिर यह दिन ऐतिहासिक होने वाले है। यूजीसी रेगुलेशंस के समर्थन में आंदोलन हक़ का आंदोलन है।

जब यूजीसी की रिपोर्ट यह बता रही है कि विश्वविद्यालय कैंपसों में 118% जातिगत भेदभाव में वृद्धि हुई है, तो इस भेदभाव के खिलाफ गाइडलाइंस लागू होना स्वाभाविक जरूरत बन जाता है।








# संपादकीय

जेपी चौधरी

## निशांत कुमार का राजनीतिक सफर अभी शुरू, अपने पिता की विरासत संभाल पाएंगे या नहीं?

बिहार की राजनीति में कभी-कभी ऐसे मोड़ आते हैं जो केवल एक व्यक्ति की एंट्री नहीं, बल्कि पूरे राजनीतिक ढांचे की दिशा बदलने की क्षमता रखते हैं। जनता दल यूनाइटेड में निशांत कुमार का औपचारिक प्रवेश भी ऐसा ही एक क्षण है। लंबे समय तक राजनीति से दूरी बनाए रखने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे का पार्टी की सदस्यता लेना महज पारिवारिक घटना नहीं है, बल्कि उस राजनीतिक युग के अंत और दूसरे युग की शुरुआत का संकेत भी माना जा रहा है जिसमें जेडीयू की पहचान पूरी तरह नीतीश कुमार के व्यक्तित्व से जुड़ी रही है।करीब दो दशकों तक बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार निर्णायक भूमिका में रहे। 2005 में जब उन्होंने सत्ता संभाली तो राज्य की पहचान अव्यवस्था, अपराध और कमजोर बुनियादी ढांचे से जुड़ी हुई थी। उसके बाद सड़क, बिजली, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में कई योजनाएं लागू की गईं। पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण, साइकिल योजना और छात्रवृत्ति कार्यक्रम जैसे फैसलों ने उन्हें "सुशासन बाबू" की छवि दी। 2010 के विधानसभा चुनाव में जेडीयू ने 115 सीटें जीतकर अपने राजनीतिक चरम को छुआ था। लेकिन समय के साथ समीकरण बदले। 2020 के चुनाव में पार्टी 43-45 सीटों तक सिमट गई। हालांकि 2025 के विधानसभा चुनाव में जेडीयू ने लगभग 85 सीटें जीतकर वापसी की, फिर भी यह स्पष्ट हो गया कि पार्टी की ताकत अब पहले जैसी नहीं रही।इसी पृष्ठभूमि में निशांत कुमार का राजनीति में आना महत्व रखता है। 40 वर्ष के इंजीनियर निशांत अब तक सार्वजनिक जीवन से दूर रहे। उनका स्वभाव अंतर्मुखी बताया जाता रहा है और वे लंबे समय तक आध्यात्मिक रुचियों में व्यस्त रहने के कारण भी चर्चा में रहे। ऐसे व्यक्ति का अचानक सक्रिय राजनीति में उतरना स्वाभाविक रूप से जिज्ञासा और संदेह दोनों पैदा करता है। लेकिन राजनीति में अक्सर परिस्थितियां व्यक्ति को आगे धकेल देती हैं। जेडीयू भी उसी दौर से गुजर रही है जहां संगठन को भविष्य का चेहरा चाहिए।

बिहार की राजनीति में क्षेत्रीय दलों का अनुभव बताता है कि जब कोई पार्टी लंबे समय तक एक नेता पर निर्भर रहती है तो उसके बाद नेतृत्व का संकट पैदा हो जाता है। राष्ट्रीय जनता दल में लालू प्रसाद यादव के बाद तेजस्वी यादव का उभार इसी कारण हुआ। समाजवादी पार्टी में मुलायम सिंह यादव के बाद अखिलेश यादव का नेतृत्व सामने आया। तमिलनाडु में करुणानिधि के बाद एम.के. स्टालिन ने पार्टी संभाली। इन उदाहरणों से यह भी स्पष्ट है कि पारिवारिक उत्तराधिकार भारतीय राजनीति की एक स्वीकृत वास्तविकता बन चुका है। यही वजह है कि नीतीश कुमार, जो वर्षों तक परिवारवाद की आलोचना करते रहे, अंततः उसी रास्ते पर चलते दिखाई दिए।जेडीयू का सामाजिक आधार भी इस निर्णय को समझने में मदद करता है। पार्टी की ताकत मुख्यतः कुर्मी, कोइरी और अति पिछड़ा वर्ग के वोटों पर टिकी रही है। 2010 के चुनाव में जेडीयू-भाजपा गठबंधन को लगभग 39 प्रतिशत वोट मिले थे, जिसमें जेडीयू का बड़ा हिस्सा इन वर्गों से आया। लेकिन पिछले कुछ चुनावों में यह आधार धीरे-धीरे खिसकने लगा। भाजपा का प्रभाव बढ़ा और कई इलाकों में उसका संगठन जेडीयू से ज्यादा मजबूत होता गया। राजनीतिक विश्लेषण बताते हैं कि बिहार में भाजपा का वोट प्रतिशत 2010 के लगभग 16-17 प्रतिशत से बढ़कर हाल के वर्षों में 25 प्रतिशत के आसपास पहुंच गया है। ऐसे में जेडीयू के सामने दोहरी चुनौती है अपना सामाजिक आधार बचाना और गठबंधन की राजनीति में अपनी पहचान बनाए रखना।यहीं पर निशांत कुमार की भूमिका अहम हो सकती है। जेडीयू के भीतर यह धारणा बन रही है कि अगर पार्टी के पास नीतीश कुमार के परिवार से कोई चेहरा रहेगा तो संगठन में एकजुटता बनी रहेगी। क्षेत्रीय दलों के इतिहास में यह अक्सर देखा गया है कि करिश्माई नेता के बाद पार्टी बिखर जाती है। बिहार में भी कई छोटे दल इसी कारण खत्म हो गए। इसलिए जेडीयू के नेताओं को लगता है कि निशांत की मौजूदगी कम से कम पार्टी को एक धुरी दे सकती है।

हालांकि चुनौतियां कम नहीं हैं। बिहार की राजनीति में गठबंधन की प्रकृति बेहद जटिल है। भाजपा और जेडीयू का रिश्ता पिछले डेढ़ दशक में कई बार टूटा और जुड़ा है। 2013 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को लेकर दोनों दल अलग हुए। 2017 में फिर साथ आए। 2022 में जेडीयू ने महागठबंधन का रास्ता चुना और 2024 में एक बार फिर एनडीए में लौट आई। इन उतार-चढ़ावों ने जेडीयू के कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के बीच भी असमंजस पैदा किया। अगर भविष्य में भाजपा बिहार में अपना मुख्यमंत्री चेहरा आगे बढ़ाती है तो जेडीयू का राजनीतिक महत्व और घट सकता है।निशांत कुमार को इसी परिस्थिति में अपनी पहचान बनानी होगी। उनके सामने पहला काम संगठन को मजबूत करना होगा। जेडीयूके पास आज भी कई अनुभवी नेता हैं, लेकिन उनमें से अधिकांश की पहचान क्षेत्रीय स्तर तक सीमित है। यदि युवा नेतृत्व को आगे लाकर संगठन में नई ऊर्जा भरी जाती है तो पार्टी को लाभ हो सकता है। बताया जा रहा है कि युवा विधायकों और करीबी सहयोगियों की एक टीम पहले से तैयार की जा रही है जो राजनीतिक प्रशिक्षण और रणनीति में निशांत की मदद करेगी। इतिहास बताता है कि राजनीति में शुरुआती छवि अंतिम नहीं होती। ओडिशा के नवीन पटनायक इसका उदाहरण हैं। 1997 में जब वे राजनीति में आए थे तो उन्हें भी अनुभवहीन और संकोची कहा जाता था। लेकिन कुछ ही वर्षों में उन्होंने अपनी शैली विकसित की और 24 साल तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे। बिहार की परिस्थितियां अलग जरूर हैं, पर यह भी सच है कि राजनीति में धैर्य और समय बहुत कुछ बदल देते हैं।

फिलहाल निशांत कुमार के सामने सबसे बड़ी कसौटी यही है कि वे खुद को केवल "नीतीश कुमार के बेटे" से आगे साबित करें। अगर वे संगठन में संवाद बढ़ा सके, सामाजिक आधार को मजबूत कर सके और गठबंधन की राजनीति में संतुलन बना सके तो जेडीयू को नई दिशा मिल सकती है। लेकिन अगर वे केवल प्रतीकात्मक नेता बनकर रह गए तो पार्टी के भीतर खींचतान बढ़ना तय है।बिहार की राजनीति हमेशा व्यक्तित्वों के इर्द-गिर्द घूमती रही है। लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार और अब तेजस्वी यादव इन सभी ने अपने-अपने दौर में राज्य की राजनीति को दिशा दी है। निशांत कुमार का राजनीतिक सफर अभी शुरू हुआ है। कहना जल्दबाजी होगी कि वे अपने पिता की विरासत संभाल पाएंगे या नहीं। लेकिन इतना तय है कि उनकी एंट्री ने बिहार की राजनीति में एक नई बहस और नई प्रतीक्षा जरूर पैदा कर दी है। आने वाले वर्षों में यह साफ होगा कि यह कदम जेडीयू को स्थिरता देगा या पार्टी को एक नए संघर्ष के दौर में ले जाएगा।

# बिहार विधानसभा में धूमधाम से मनी छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती



पटना (अपना नालंदा)। बिहार विधानसभा के सभागार में रविवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती सह प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन छत्रपति शिवाजी महाराज समिति द्वारा किया गया, जो पिछले दस वर्षों से बिहार में जयंती समारोह के साथ-साथ समाजसेवा के विभिन्न कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। समारोह में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी तथा विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम का उद्घाटन पद्मश्री सम्मानित चिकित्सक डॉ. एस. एन. आर्या, समिति के अध्यक्ष डॉ. सुधीर पटेल, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी ई. सतीश पटेल, आईएएस अधिकारी श्रीकांत शास्त्री (जिलाधिकारी, बेगूसराय), आईआरटीएस अधिकारी शिव कुमार प्रसाद, आईएएस सी. जे. पटेल तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अरविंद कुमार सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान शिवाजी महाराज के जीवन, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति पर आधारित नाटकीय प्रस्तुति भी दी गई, जिसने दर्शकों को काफी प्रभावित किया।

समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रतिभा सम्मान देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिवाजी महाराज ने हिन्दवी स्वराज की स्थापना कर साहस, रणनीति और नेतृत्व का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया तथा लोगों को आत्मसम्मान और स्वाभिमान के साथ जीने की प्रेरणा दी।

समिति के अध्यक्ष डॉ. सुधीर पटेल ने कहा कि शिवाजी महाराज भारतीय अस्मिता और स्वाभिमान के प्रतीक थे। वहीं ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी ई. सतीश पटेल ने बताया कि समिति गरीब बच्चों को शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने और मेडिकल कैंप के माध्यम से जरूरतमंदों का निःशुल्क इलाज कराने का कार्य भी करती है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अजय सिंह (आशीर्वाद इंजीकॉन प्रा. ली.), डी. एन. सिंह (सीएमडी, सर्वोदय कंस्ट्रक्शन), डॉ. दिलीप पटेल, राजीव कुमार उर्फ नीतीश (डायरेक्टर, मगध ग्रीन होम्स), अजय पटेल (डायरेक्टर, सिरामिक जंक्शन), संजय कुमार सिन्हा (सीएमडी, नूतन कंस्ट्रक्शन), प्रमोद कुमार (डायरेक्टर, आर. डी. इको डेवलपर), अरुण कुमार सिन्हा (सीएमडी, कश्यप ग्रीन होम्स), सौरभ कुमार, राजीव कुमार (डायरेक्टर, विद्या मंदिर विलेज), राजू चंपारण, प्रणव प्रकाश, डॉ. बी. बी. भारती (फोर्ड हॉस्पिटल), डॉ. अशोक कुमार सिन्हा (केशव हॉस्पिटल), कार्यकारी कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, पप्पू पटेल (शिवहर), रवि पटेल (सीतामढ़ी), रामपुकार पटेल (नेपाल), श्याम सुंदर पटेल, पवन पटेल (नेपाल), नागेंद्र पटेल (नेपाल), मुकेश पटेल और अरुजय कुमार सहित कई लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बिहारशरीफ में रेड क्रॉस का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, 140 मरीजों की हुई जांच



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा नालंदा द्वारा रविवार को श्रम कल्याण केंद्र मैदान स्थित विस्तारित भवन में साप्ताहिक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य गरीब, निसहाय और जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में विभिन्न रोगों से पीड़ित लोगों की जांच कर चिकित्सकों ने उन्हें आवश्यक परामर्श और उपचार संबंधी सुझाव दिए।

इस स्वास्थ्य शिविर में शहर के कई विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतीश कुमार ने 35 मरीजों की जांच की, जबकि हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. अमरदीप नारायण ने 45 लोगों का उपचार किया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव कुमार सिंह ने 30 मरीजों की जांच की, वहीं फिजिशियन डॉ. अखिलेश कुमार ने 50 लोगों को चिकित्सकीय परामर्श दिया। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि कुमार ने 15 मरीजों का इलाज किया, जबकि फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम ने 20 मरीजों की जांच की। इसके अलावा होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार और डॉ. रितेश कुमार ने 17 मरीजों को परामर्श दिया तथा 15 लोगों की मधुमेह की जांच की गई। ऑडियोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने भी मरीजों को आवश्यक सलाह दी।

शिविर में आए लाभार्थियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए काफी सहायक साबित हो रहे हैं। रेड क्रॉस सोसाइटी ने बताया कि यह स्वास्थ्य जांच शिविर आगे भी जारी रहेगा और प्रत्येक रविवार को लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

शिविर के सफल संचालन में रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार तथा आजीवन सदस्य बृज बिहारी, राकेश कुमार पंकज, चंद्रमणि कुमार, प्रोफेसर स्वधर्म कुमार, आकाश रोशन, रागिनी कुमारी, शंभू कुमार कश्यप, डॉ. एस. एम. मुजफ्फर जमाल, एन. एम. मुस्कान कुमारी, रीना कुमारी, कुणाल गौरव, अरुण कुमार और संजय कुमार सहित कई लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इन सभी ने मरीजों के पंजीकरण, कतार प्रबंधन और अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में सहयोग दिया।

# प्रजापति समाज की बैठक में भवन निर्माण कार्य तेज करने पर जोर



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति, नालंदा जिला के तत्वावधान में वियवानी गांव स्थित निर्माणाधीन भवन स्थल पर प्रजापति समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के विभिन्न सदस्यों ने भाग लिया और भवन निर्माण कार्य की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे तथा निर्णय लिया गया कि भवन निर्माण कार्य को गति देते हुए इसे जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। इसके लिए पूरे जिले में प्रजापति समाज के लोगों से संपर्क अभियान चलाकर समाज को एकजुट करने और सहयोग स्वरूप चंदा एकत्र करने पर भी सहमति बनी।

इस दौरान जिला अध्यक्ष सुबोध पंडित ने कहा कि बहुत जल्द ही जिले के सभी प्रखंडों में बैठक आयोजित की जाएगी, ताकि समाज के लोगों को एकजुट कर भवन निर्माण कार्य को गति दी जा सके।

वहीं जिला सचिव संजीव कुमार बिट्टू ने बताया कि जिला कोर कमिटी का गठन कर दिया गया है, जो संगठन को मजबूत करने का कार्य करेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि समिति के ऊपर गलत टिप्पणी करने वाले व्यक्ति कोअनुशासनहीनता के आरोप में जिला कार्यकारिणी से बाहर कर दिया गया है।

बैठक में प्रजापति समाज की महिला जिला उपाध्यक्ष पिंकी देवी, जिला युवा अध्यक्ष प्रवेश कुमार पंडित, जिला संरक्षक मंगल पंडित, नगर अध्यक्ष दिनेश पंडित, जिला कोषाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार, ललित गिरी, चन्द्रशेखर पंडित, अशोक पंडित, सुनील पंडित राजकुमार पंडित, सुजीत पंडित सहित समाज के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# मुझे अपने जन्मभूमि के लिए काम करना है - शिक्षाविद् सुनील सिंह



रांची(अपना नालंदा)।कैट प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाला प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान आईआईएम वाला अब रांची में अपना नया ब्रांच शुरू करने जा रहा है।

भारत के प्रसिद्ध मैनेजमैंट कॉलेज आईआईएम काशीपुर से प्रबंधन का कोर्स कर चुके एवं विख्यात शिक्षाविद् डॉ सुनील कुमार सिंह के द्वारा संचालित इस संस्थान का नया शाखा 16 मार्च 2026 को लालपुर स्थित आर एस टॉवर में एक भव्य समारोह के साथ उद्घाटित किया जाएगा।

इस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के मंत्री श्री योगेंद्र प्रसाद, विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची के विधायक श्री सीपी सिंह तथा डुमरी, गिरिडीह के विधायक श्री जयराम महतो उपस्थित रहेंगे।

आईआईएम वाला देशभर में कैट , क्लैट, आईपीमैट तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण तैयारी के लिए जाना जाता है।रांची में ब्रांच शुरू करने के सवाल पर आईआईएम के निदेशक डॉ सुनील ने बताया कि उनका जन्मस्थल झारखंड है और उनकी वर्षों की ख्वाहिश थी कि अपने जन्मभूमि के लिए शिक्षा और खेल के क्षेत्र में कुछ विशेष करें |डॉ सुनील खुद भी एक पेशेवर क्रिकेटर रह चुके हैं , जिन्हें शिक्षा और क्रिकेट के क्षेत्र में बेहतर योगदान के लिए कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड मिल चुका है, हाल मे ही भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान सुनील गावस्कर और दक्षिण अफ्रीका के प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी जॉन्टी रोड्स ने डॉ सुनील को सम्मानित किया है |

www.kalopehomes.com
Kalope HOMES
UPVC Interior
+91 9097459541
Head Office - MIG 27, Hanuman Nagar, Kankarbagh,Patna, Bihar-800020